अति महत्वपूर्ण/स्पीड-पोस्ट

संख्या- 2/2017/98जेड(2)/छः-2017-08पी0पी0/2014

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-2 **लखनउ :: दिनांक :: 24 अप्रैल, 2017**

विषय -: राज्य सरकार से पेंशन प्राप्त कर रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रितों के संबंध में अद्यतन सूची/विवरण उपलब्ध कराने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-405जेड(2)/छः-2014-08पी0पी0/2014, दिनांक 18-07-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा निर्धारित प्रारूप पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों के संबंध में निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलबध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। तदक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों के संबंध में सूचना/सूची उपलब्ध करायी गयी थी।

2- उल्लेखनीय है कि जिलों से वर्ष, 2014 में प्राप्त सूचना के आधार पर तैयार की गयी सूची अब अद्यतन नहीं रह गयी है। कतिपय और व्यक्तियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन स्वीकृत हुइ है एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं आश्रितों का निधन हो गया होगा व कतिपय मामलों में पेंशन बन्द हो गयी होगी। अतः उक्त सूची का अद्यतन होना आवश्यक है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न प्रपत्र 'ए' एवं 'बी' में अंकित सभी कालमों में अपने जनपद से संबंधित सभी पेंशनर्स के संबंध में अद्यावधिक सूचना हार्ड कापी एवं सी0डी0 में शासन को दिनांक 25-04-2017 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक -- यथोक्त।

भवदीय,
(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव

संख्या- 2/2017/98(1)जेड(2)/छः-2017, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) समस्त कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, उ0प्र0

(2) समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना निर्धारित समयान्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रपत्र 'ए'

वर्तमान में पेंशन प्राप्त कर रहे प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जनपदवार सूची

क्रम सं0	जनपद का नाम	सेनानी का नाम/जनपद	पिता/पति का नाम	वर्तमान पता	पी0पी0ओ0 नं0	अद्यतन स्थिति पेंशन अभी जारी है, यदि जारी नहीं हे तो कारण	यदि जारी है तो बैंक का नाम/आइ0एफ0एस0 कोड/खाता संख्या	अभ्युक्ति

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रपत्र 'बी'

वर्तमान में पेंशन प्राप्त कर रहे प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की जनपदवार सूची

क्रम सं0	जनपद का नाम	सेनानी के आश्रित का नाम/पिता का नाम व पता	सेनानी से आश्रित पेंशनर का संबंध	अद्यतन स्थिति पेंशन अभी जारी है, यदि जारी नहीं हे तो कारण	यदि जारी है तो बैंक का नाम/आइ0एफ0एस0 कोड/खाता संख्या	अभ्युक्ति

http://shasanadesh.up.nic.in